खाटू वाले श्याम कस के पकड़ियो मेरा हाथ

खाटू वाले श्याम कस के पकड़ियो मेरा हाथ,
ये हाथ कभी न छूटे ये साथ कभी न छूटे दिन हो जा रात,
खाटू वाले श्याम कस के पकड़ियो मेरा हाथ,

मेरे दोनों हाथ तेरे आगे क्या है कमी इनमे तू बतला दे,
क्या वो लकीर नहीं है क्या वो तकदीर नहीं है या हो नाराज,
खाटू वाले श्याम कस के पकड़ियो मेरा हाथ....

इन हाथो को तेरी है दरकार,
मेरे पीछे पूरा है परिवार,
नैया मझदार फसी है तेरे होठो पे हसी है,
खुश क्यों हो आज,
खाटू वाले श्याम कस के पकड़ियो मेरा हाथ,

जिसे दिया उसे खूब दिया दातार,
मुझसे क्या इन्साफ किया सरकार,
क्या उनके हाथ है जयदा जा फिर औकात है जयदा बतलाओ बात,
खाटू वाले श्याम कस के पकड़ियो मेरा हाथ,

क्यों बाबा मुख मुझसे मोड़ लिया,
या तकदीर बदलना छोड़ दिया,
कहता पवन न छूटे ये भरोसा न टूटे रख लेना बात,
खाटू वाले श्याम कस के पकड़ियो मेरा हाथ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5718/title/khatu-vale-shyam-kas-ke-pakadiyo-mera-hath-ye-hath-kabhi-na-chute-ye-sath-kabhi-na-chute-din-ho-ja-raat

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |